पुनर्वास विवि के विवेक ने जीता कांस्य

लखनऊ। पुनर्वास विवि के बधिर छात्र विवेक राणा ने कुआलालंपुर में

एकहुए 10वें एशिया पैसिफिक डेफ गेम्स में कांस्य पदक जीता है। बीए चतुर्थ सेमेस्टर में पढ़ाई कर रहे विवेक ने 800 मीटर की दौड़ 2 मिनट चार सेकेंड में पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय लौटे विवेक के सम्मान के लिए समारोह का आयोजन किया गया। (संवाद)

विवेक राणा ने एशिया पैसिफिक गेम्स में जीता कांस्य

10वें एशिया पैसिफिक डेफ गेम्स मलेशिया 2024 में पदक जीतकर स्वदेश आए विवेक का विवि में हुआ स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः मलेशिया के क्वालालंपुर में आयोजित -10 वें एशिया पैसिफिक डेफ गेम्स-2024 में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के छात्र विवेक राणा ने कांस्य जीता है। स्वदेश वापसी पर कुलपति डॉ. संजय सिंह ने उनका सम्मान करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय और देश के लिए गर्व का विषय है।

विश्वविद्यालय के मूक बधिर छात्र विवेक का स्वागत करते कुलपति व अन्य शिक्षक।

विवेक राणा पुनर्वास विश्वविद्यालय में स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के मूक बधिर छात्र हैं। 1 से 8 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने 800 मीटर रेस, 2 मिनट 3 सेकंड 99 माइक्रो सेकंड में तय कर तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता है। प्रथम स्थान पर ईरान के पैरा खिलाडी अहमद रवयेह ने रेस को 2 मिनट 3 सेकंड 9 माइक्रो सेकंड में तय कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

पैरागेम्स के लिए विश्वविद्यालय बनेगा केंद्र

कुलपति ने कहा कि जल्द हीं विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पैरा खेलों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित होगा। पिछले पैराओलंपिक खेलों के दौरान भी विश्वविद्यालय खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया था। उल्लेखनीय है कि पैराओलंपिक विजेता चंदू चैंपियन के सुझाव पर विश्वविद्यालय पैराओलंपिक खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक का तरण ताल तैयार करने की योजना पर काम कर रहा है।

विवेक राणा शुक्रवार को स्वदेश आकर विश्वविद्यालय पहुंचे जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजय सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के इस छात्र ने भौतिक अवरोधों को तोड़ते हुए जिस प्रकार देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाई वह आज की पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। इस अवसर पर प्रो. पी राजीवनयन ने कहा कि पुनर्वास विश्वविद्यालय पैरा खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुनर्वास विवि में विभागवार होंगी परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अब परास्नातक की सभी परीक्षाएं विभाग स्तर पर आयोजित की जाएंगी। जबकि अब तक परीक्षाएं नियंत्रक कार्यालय के माध्यम से संचालित की जाती रही हैं। परीक्षा समिति की बैठक में अब इस प्रस्ताव को मंजूर किया गया कि परीक्षाएं अब विभागवार ली जाएंगी। इसके अलावा स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ मिड सेमेस्टर परीक्षाएं कराए जाने का भी निर्णय लिया गया है।

परीक्षा समिति की बैठक में तय हुआ कि पीजी सम और विषम सेमेस्टर परीक्षा के प्रश्न पत्र विभागाध्यक्षों की निगरानी में तैयार कराए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में सिर्फ परीक्षा की अवधि तय की जाएगी। पीजी परीक्षाओं के बाद विभागाध्यक्षों के पर्यवेक्षण में कापियों का मूल्यांकन होगा, फिर उसके अंकों को आनलाइन ई-पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।